Corporate Communications & Investor Relations
Head Office: LOKMANGAL, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
TELE -020 :25614495, 25614366, 25514501 to 12 Extn.

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक : 16 अक्तूबर, 2023

# 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही व छमाही के लिए वित्तीय परिणाम

## परिणाम एक दृष्टि में

## 30 सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही की तुलना में 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही

- कुल व्यवसाय 22.77% की वृद्धि के साथ ₹422,420 करोड़
- कुल जमाराशियां 22.18% से बढ़कर ₹239,298 करोड़
- सकल अग्रिम 23.55% की वृद्धि के साथ ₹183,121 करोड़
- ऋण - जमा (सीडी) अनुपात सुधरकर 76.52%
- 30.09.2023 को सकल एनपीए घटकर 2.19%
- 30.09.2023 को निवल एनपीए घटकर 0.23%
- प्रावधान कवरेज अनुपात सुधरकर 98.40%
- 30.09.2023 को निवल लाभ 71.90% से बढ़कर ₹920 करोड़
- परिचालन लाभ 31.37% बढ़कर ₹1,920 करोड़
- निवल ब्याज आय 28.88% बढ़कर ₹2,432 करोड़
- 30.09.2023 को निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सुधरकर 3.89%
- लागत से आय अनुपात सुधरकर 38.04%
- वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए आस्तियों पर आय (आरओए) सुधरकर 1.37%
- इक्विटी पर आय (आरओई) सुधरकर 23.25%
- सीआरएआर सुधरकर 17.61% रहा, जिसमें 13.72% टियर-I है।

**लाभप्रदता (30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही)**

- निवल लाभ वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के ₹535 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 71.90% बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में ₹920 करोड़ हो गया। तिमाही-दर-तिमाही आधार पर इसमें 4.27% की वृद्धि हुई।

- परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के ₹1,462 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 31.37% की वृद्धि दर्शाते हुए वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए ₹1,920 करोड़ रहा। तिमाही-दर-तिमाही आधार पर इसमें 3.07% की वृद्धि हुई।

- निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के ₹1,887 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 28.88% बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में ₹2,432 करोड़ हो गई। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 3.94% की वृद्धि हुई।

- वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए निवल राजस्व (निवल ब्याज आय + अन्य आय) में सुधार हुआ, जो वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के ₹2,389 करोड़ से 29.73% बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए ₹3,100 करोड़ रहा। तिमाही-दर-तिमाही आधार पर इसमें 4.41% की वृद्धि हुई।

- लागत से आय अनुपात वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 38.82% की तुलना में सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए 38.04% रहा। 30.06.2023 को समाप्त तिमाही के लिए यह 37.23% था।

- आस्तियों पर आय (आरओए) वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 0.92% और वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के 1.33% से सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए 1.37% हो गई।

- इक्विटी पर आय (आरओई) भी वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 18.32% की तुलना में सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए 23.25% हो गई।

**लाभप्रदता (30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही)**

- निवल लाभ 30.09.2022 को समाप्त छमाही के ₹987 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 82.57% बढ़कर ₹1802 करोड़ हो गया।

- परिचालन लाभ 30.09.2022 को समाप्त छमाही के ₹2,664 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 42.05% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹3784 करोड़ हो गया।

- निवल ब्याज आय (एनआईआई) 30.09.2022 को समाप्त छमाही के ₹3,573 करोड़ की तुलना में 30.09.2023 को समाप्त छमाही के लिए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 33.56% बढ़कर ₹4,772 करोड़ रही।

- शुल्क आधारित आय 30.09.2023 को समाप्त छमाही के लिए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 18.77 % की वृद्धि के साथ ₹723.96 करोड़ रही।
- लागत से आय अनुपात 30.09.2022 को समाप्त छमाही के 39.35% की तुलना में 30.09.2023 को समाप्त छमाही के लिए सुधरकर 37.65% रहा।

- आस्तियों पर आय (आरओए) दिनांक 30.09.2022 को समाप्त छमाही के 0.87% की तुलना में दिनांक 30.09.2023 को समाप्त छमाही के लिए सुधरकर 1.35% रही।
- ईक्विटी पर आय (आरओई) भी दिनांक 30.09.2022 को समाप्त छमाही के लिए 16.90% की तुलना में दिनांक 30.09.2023 को समाप्त छमाही के लिए सुधरकर 23.31% रही।

**आस्तियां एवं देयताएं (30 सितंबर, 2023 को)**

- कुल व्यवसाय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22.77 % की वृद्धि के साथ ₹ 422,420 करोड़ रहा।
- कुल जमाराशियां वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22.18% की वृद्धि के साथ ₹ 239,298 करोड़ रहीं।
- सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 23.55% की वृद्धि के साथ ₹ 183,122 करोड़ रहे।
- आरएएम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) व्यवसाय में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24.38% की वृद्धि हुई।
- रिटेल अग्रिम, एमएसएमई अग्रिम, कृषि अग्रिम में क्रमशः 20.37%, 25.80% व 30.39% की वृद्धि हुई।

**पूंजी पर्याप्तता : (30 सितंबर, 2023 को)**

- 12.28% के कॉमन इक्विटी टीयर I (सीईटी 1) अनुपात के साथ कुल बेसल III पूंजी पर्याप्तता अनुपात सुधरकर 17.61% रहा।
- 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही के दौरान, बैंक ने ₹ 515 करोड़ की टीयर II पूंजी और क्यूआईपी के माध्यम से ₹ 1,000 करोड़ की इक्विटी पूंजी जुटाई।

**आस्ति गुणवत्ता : (30 सितंबर, 2023 को)**

- सकल एनपीए 30.09.2022 के 3.40% की तुलना में 30.09.2023 को घटकर 2.19% रहे। यह 30.06.2023 को 2.28% थे।
- निवल एनपीए 30.09.2022 के 0.68% की तुलना में 30.09.2023 को घटकर 0.23% रहे। 30.06.2023 को यह 0.24% थे।
- प्रावधान कवरेज अनुपात 30.09.2022 के 96.06% की तुलना में 30.09.2023 को सुधरकर 98.40% रहा। 30.06.2023 को यह 98.37% था।
- बैंक के पास 30 सितंबर, 2023 के अनुसार ₹1200 करोड़ का संचयी कोविड-19 प्रावधान है।

निवेशकों के लिए एक प्रस्तुतिकरण बैंक की बेवसाइट www.bankofmaharashtra.in पर अलग से दिया जा रहा है।

Corporate Communications & Investor Relations
Head Office: LOKMANGAL, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
TELE -020 :25614495, 25614366, 25514501 to 12 Extn.

**शीर्ष व्यवसाय** (₹ करोड़ में)

| विवरण | को | | वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|
| | सितंबर 22 | सितंबर 23 | वर्ष-दर-वर्ष |
| कुल व्यवसाय | 344,065 | 422,420 | 22.77 |
| जमाराशियां | 195,849 | 239,298 | 22.18 |
| जिनमें से कासा | *110,205* | *121,337* | *10.10* |
| कुल जमाराशियों में कासा अंश (%) | *56.27* | *50.71* | |
| सकल अग्रिम | 148,216 | 183,122 | 23.55 |

**लाभप्रदता** (₹ करोड़ में)

| विवरण | को समाप्त तिमाही | | | परिवर्तन (%) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | सितंबर 22 | जून 23 | सितंबर 23 | वर्ष-दर-वर्ष | तिमाही-दर-तिमाही |
| कुल आय | 4,317 | 5,417 | 5,736 | 32.85 | 5.87 |
| कुल व्यय | 2,855 | 3,554 | 3,815 | 33.61 | 7.34 |
| परिचालन लाभ | 1,462 | 1,863 | 1,920 | 31.37 | 3.07 |
| कर के अतिरिक्त प्रावधान और आकस्मिकताएं | 579 | 776 | 985 | 70.01 | 26.89 |
| कर व्यय | 348 | 205 | 16 | (95.44) | (92.27) |
| निवल लाभ | 535 | 882 | 920 | 71.90 | 4.27 |

**तुलन पत्र** (₹ करोड़ में)

| देयताएं | को | |
|---|---|---|
| | सितंबर 22 | सितंबर 23 |
| पूंजी | 6,731 | 7,081 |
| आरक्षतियां व अधिशेष | 8,141 | 11,331 |
| जमाराशियां | 195,849 | 239,298 |
| उधारियां | 22,911 | 8,654 |
| अन्य दायित्व व प्रावधान | 5,377 | 6,820 |
| कुल | **239,009** | **273,184** |
| **आस्तियां** | | |
| भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकद व शेष | 14,483 | 14,221 |
| अल्प सूचना व मांग पर राशि तथा बैंकों के पास शेष | 29 | 543 |
| निवेश | 70,184 | 70,179 |
| अग्रिम (निवल) | 144,163 | 179,515 |
| स्थिर आस्तियां | 2,194 | 2,145 |
| अन्य आस्तियां | 7,955 | 6,582 |
| कुल | **239,009** | **273,184** |